**Event Name:** World Environment Day
**Date:** 5th June 2026
**Organized by:** Garden Committee
**Venue:** College Campus

## Press Release

Tree Plantation at Shri Arvind Mahila College under World Environment Day and "Ek Ped Maa Ke Naam" Campaign

On the occasion of World Environment Day, a tree plantation program was organized at Shri Arvind Mahila College under the "Ek Ped Maa Ke Naam" (A Tree in Mother's Name) campaign, promoted by the Government of India and the University Grants Commission (UGC). Under the leadership of the newly appointed Principal, Prof. Rekha Rani, saplings were planted in the college garden to convey the message of environmental conservation, creation of a green campus, and respect for motherhood.

Addressing the gathering, Prof. Rekha Rani stated that environmental protection is not merely a matter for a single day but an integral part of our lifestyle and social responsibility. She emphasized that, in view of the growing environmental challenges, climate change, and depletion of natural resources, it is essential to create public awareness about tree plantation and environmental conservation.

Appreciating the "Ek Ped Maa Ke Naam" campaign, she said that the initiative strengthens not only environmental protection but also the spirit of respect and gratitude toward motherhood. She urged the students to express their respect for their mothers and nature by planting at least one sapling and taking responsibility for its care and protection.

On this occasion, she referred to the ancient Sanskrit saying, "Dashaputra Samo Drumah" (A tree is equal in value to ten sons), highlighting the immense importance of trees. She noted that trees not only help maintain ecological

balance but also provide the foundation for a healthy and secure future for coming generations.

The program was attended by the Garden Committee In-charge, Dr. Aditya Bhardwaj, Mr. Gopal Kumar, the College Bursar Dr. Anumala Singh, Head Assistant Dr. Shabina Mustafa, Mr. Rohit Kumar, gardener Mr. Madan Kumar, and other staff members.

**Media In-charge**
**Sri Arvind Mahila College, Patna**








# महिला कालेजों में हरियाली वढ़ाने का संकल्प

**जागरण संवाददाता, पटना :** विभिन्न महिला कालेजों में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। पटना वीमेंस कालेज में सृष्टि एनवायरमेंट क्लब और इको टास्क फोर्स की ओर से तरुमित्र का दौरा किया गया। छात्राओं ने औषधीय पौधों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का समन्वय भूगोल विभाग की सहायक प्राध्यापक मीनाक्षी मिश्रा और जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष डा सुमीत रंजन ने किया। जेडी वीमेंस कालेज की एनएसएस इकाई द्वारा मरीन ड्राइव क्षेत्र में पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। पौधो की देखभाल का संकल्प लिया। वही अरविंद महिला कालेज में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। उधर पटना विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण, पोस्टर प्रदर्शनी एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में परास्नातक के छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन विषय पर आयोजित संवाद में भाग लिया। प्रो. मनोज कुमार सिन्हा ने कहा कि पृथ्वी के औसत तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है। इस कारण हमें अपनी पर्यावरण की विशेष देखभाल करने की सख्त जरूरत है। पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. मोहम्मद नाजिम ने कहा कि हम सबको अपने दैनिक जीवन के व्यवहार में पर्यावरण को स्वच्छ रखने के नैतिक कर्तव्य का पालन करना चाहिए।

## विश्व पर्यावरण दिवस एवं "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत श्री अरविंद महिला कॉलेज में पौधारोपण।



पौधा लगाते हुए कॉलेज की प्राचार्या, प्राध्यापिकाएं, प्राध्यापक

**न्यूजप्लिस24|संवाददाता|पटना ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्री अरविंद महिला कॉलेज, पटना में दिनांक 5 जून 2026 को भारत सरकार एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा प्रोत्साहित "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की नवपदस्थापित प्राचार्या प्रो. रेखा रानी के नेतृत्व में परिसर स्थित उद्यान में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण, हरित परिसर निर्माण तथा मातृत्व सम्मान का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्या प्रो. रेखा रानी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस विशेष का विषय नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली और सामाजिक उत्तरदायित्व का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते पर्यावरणीय संकट, जलवायु परिवर्तन तथा प्राकृतिक संसाधनों के क्षरण को देखते हुए पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृत्व के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना को भी सशक्त बनाती है। उन्होंने छात्राओं से अपनी माता तथा प्रकृति के प्रति सम्मान व्यक्त करने हेतु कम-से-कम एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने शास्त्रों में वर्णित उक्ति "दशपुत्रसमो द्रुम" का उल्लेख करते हुए कहा कि एक वृक्ष का महत्व दस पुत्रों के समान माना गया है। वृक्ष न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखते हैं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य का आधार भी बनते हैं। कार्यक्रम में उद्यान समिति के प्रभारी डॉ. आदित्य भारद्वाज, श्री गोपाल कुमार, महाविद्यालय की बर्सर डॉ. अनुमाला सिंह, प्रधान सहायक डॉ. शबीना मुस्तफा, श्री रोहित कुमार, माली श्री मदन कुमार सहित अन्य कर्मचारियों ने सहभागिता की। उपस्थित सभी सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास तथा प्रकृति के प्रति सामूहिक उत्तरदायित्व का संदेश प्रसारित किया गया।

## विश्व पर्यावरण दिवस एवं "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत श्री अरविंद महिला कॉलेज में पौधारोपण।



पौधारोपण अभियान में शामिल प्राचार्या, प्राध्यापिकाएं, प्राध्यापक

**जोश भारत,** संवाददाता|पटना। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्री अरविंद महिला कॉलेज, पटना में दिनांक 5 जून 2026 को भारत सरकार एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा प्रोत्साहित "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की नवपदस्थापित प्राचार्या प्रो. रेखा रानी के नेतृत्व में परिसर स्थित उद्यान में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण, हरित परिसर निर्माण तथा मातृत्व सम्मान का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्या प्रो. रेखा रानी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस विशेष का विषय नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली और सामाजिक उत्तरदायित्व का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते पर्यावरणीय संकट, जलवायु परिवर्तन तथा प्राकृतिक संसाधनों के क्षरण को देखते हुए पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृत्व के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना को भी सशक्त बनाती है। उन्होंने छात्राओं से अपनी माता तथा प्रकृति के प्रति सम्मान व्यक्त करने हेतु कम-से-कम एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने शास्त्रों में वर्णित उक्ति "दशपुत्रसमो द्रुमः" का उल्लेख करते हुए कहा कि एक वृक्ष का महत्व दस पुत्रों के समान माना गया है। वृक्ष न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखते हैं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य का आधार भी बनते हैं। कार्यक्रम में उद्यान समिति के प्रभारी डॉ. आदित्य भारद्वाज, श्री गोपाल कुमार, महाविद्यालय की बर्सर डॉ. अनुमाला सिंह, प्रधान सहायक डॉ. शबीना मुस्तफा, श्री रोहित कुमार, माली श्री मदन कुमार सहित अन्य कर्मचारियों ने सहभागिता की। उपस्थित सभी सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास तथा प्रकृति के प्रति सामूहिक उत्तरदायित्व का संदेश प्रसारित किया गया।